54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.7 °c
अधिकतम 26.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन


सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:56, सूर्यास्त - 6:09 | वर्ष : 54/ अंक : 47 | मंगलवार, 17 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अमावस | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

सब समय का खेल है,
कितना भी प्लानिंग कर लीजिए,
होगा वही, जो समय चाहेगा।

पवन खेड़ा जैसे आदमी को प्रवक्ता बना रक्खा है,कांग्रेस ऐसी मूर्खता कैसे कर सकती है : मणिशंकर अय्यर



सवाल यह है कि.... एक आदमी मूर्ख हो सकता है या पूरी पार्टी ?....

# देवर से अवैध सम्बंधों में ले ली सुहाग की बलि

▶ पत्नी ने दी नींद की गोली और आशिक ने सिर पर हथौड़ा मारकर ली जान ▶ वेलेंटाइन डे पर हवस में अड़चन बने पति की हत्यारोपी पत्नी व आशिक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** दरकते रिश्तों की एक और कहानी में पति के ममेरे भाई साथ अवैध संबंधों का खुलासा होने पर पत्नी ने अपने आशिक के साथ मिलकर पति को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश करने के बाद उसके सिर पर हथौड़ा मारकर हत्या करने के बाद शव को मलीरा के जंगल में फेंक दिया। वेलेंटाइन डे पर पत्नी और उसके प्रेमी ने यह कुकृत्य कर रिश्तों को शर्मसार कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी मीनाक्षी और उसके प्रेमी गौतम उर्फ योगेश को गिरफ्तार कर लिया है।



**मलीरा के जंगल में मिली थी लाश**

रविवार को नगर कोतवाली इलाके के मलीरा गांव में मिली संदीप की लाश को लेकर पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि उसकी हत्या पत्नी ने संदीप के ममेरे भाई के साथ अवैध संबंधों के चलते की थी। रविवार को सुबह थानाक्षेत्र कोतवाली नगर स्थित मलीरा गांव के जंगल में एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस ने शव की पहचान सन्दीप पुत्र भंवर सिंह निवासी ग्राम मलीरा थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर के रूप में की। मृतक के सिर पर चोट के निशान मिलने के बाद संदेह जताया गया था कि किसी ने हत्या कर शव को यहां फेंका है। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया गया था।

**रोडवेज अड्डे से दबोचे गए आरोपी**

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने रोडवेज बस स्टैण्ड से मृतक की पत्नी ओर उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। वे कहीं भागने की योजना बना रहे थे। उनकी निशान देही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा व मृतक के खून से सने कपड़े व चादर आदि बरामद कर लिए। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम गौतम उर्फ सौरभ पुत्र योगेश कुमार निवासी सदरूद्दीननगर माजरा थाना भौराकला तथा मीनाक्षी पत्नी स्व. संदीप कुमार निवासी ग्राम मलीरा थाना कोतवाली नगर शामिल हैं।

**पति की गैर मौजूदगी में आता था आशिक**

पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी गौतम उर्फ योगेश ने बताया गया कि मृतक सन्दीप उसकी बुआ का लड़का था। इसके चलते उसका बुआ के घर आना जाना लगा रहता था। इसी बीच सन्दीप की पत्नी मीनाक्षी का उसके साथ संबंध हो गया तथा दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला चला और नाजायज शारीरिक रिश्ते कायम हो गये। सन्दीप यमुनानगर में नौकरी करता था जिसकी गैर मौजूदगी में वह मीनाक्षी से मिलने जाता था।

**रिश्ते खुलने पर लगा दी थी मीनाक्षी पर रोक**

उनके नाजायज रिश्तों की जानकारी उसकी बुआ, फूफा व सन्दीप को हो गयी थी। उन्होंने मीनाक्षी को समाया, लेकिन उनके संबंध कायम रहे। उसके बाद सन्दीप मुजफ्फरनगर में ही नौकरी करने लगा तथा मीनाक्षी के भी घर से बाहर निकलने पर रोक लगा दी। जिससे हम दोनों का मिलना जुलना बन्द हो गया। इसके चलते दोनों ने मिलकर सन्दीप को रास्ते से हटाने का प्लान बनाया। योजना के तहत वह वेलेंटाइन डे पर शनिवार को एक हथौड़ा लेकर करीब 9:30 बजे मलीरा पहुंच गया। गांव में पहुंचने पर सन्दीप ने उसे देख लिया तथा हम दोनों के नोकझोंक हो गयी। उस समय वह वहां से चला तथा गांव में ही गोगामाहडी के पास छिपकर बैठ गया।

**संदीप को पत्नी ने दी नींद की गोली**

योजना के अनुसार सन्दीप की पत्नी ने संदीप को खाने में नींद की गोली दे दी। जिस कारण सन्दीप को नींद आ गयी। मीनाक्षी ने मुझे फोन कर बताया कि सन्दीप सो गया है। सूचना पर वह घर पहुंचा तथा सन्दीप के सिर, चेहरे व गले पर हथौड़ी से वार कर सन्दीप की मार दिया। सन्दीप के कपड़े व चादर आदि खून में सन गये। इसके बाद उसने व मीनाक्षी ने सन्दीप को अंधेरे में मोटर साइकिल पर लाद लिया तथा गांव के बाहर सन्दीप के शव को चकरोड से नीचे घासफूंस में फेंक कर वहां से चले आये। सन्दीप के खून से सने हुए कपड़े, चादर व हथौड़े को थैले मे रखकर मलीरा बस अड्डे के पास नाले में फेंक दिया। आज दोनों यहां से भागने की फिराक में थे कि पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। दोनों को जेल भेज दिया गया है।


## बिजली विभाग पीटता है ईमानदारी के ढोल, भाजपा पदाधिकारी ने खोल दी चोरी की पोल

**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** अपनी ईमानदारी के ढोल यूं तो बिजली विभाग अपने आप ही पीटता फिरता है। आम आदमी पर दो हजार रुपये का भी बिल बकाया रह जाए तो दो से चार कॉल इस तरह से आ जाती हैं जैसे बैंक से बीस लाख रुपये का लोन लिया हुआ हो। मगर आए दिन भाजपा के रामराज में प्रत्येक विभाग की पोल खुलती देखी जा सकती है। बघरा के रहने वाले खुद भाजपा के ही वरिष्ठ कार्यकर्ता सागर बजरंगी ने अपने ही शासन में बिजली विभाग के जेई की चोर बाजारी की पोल खोलकर रख दी है। सुमित बजरंगी ने मीडिया के कैमरे के सामने साफ कहा कि बघरा स्थित कल्याणकारी कन्या इण्टर कॉलेज में शादियां तो कराई ही जा रही हैं साथ ही साथ जेई ने शादी कराने वालों से ठेका तय कर रखा है। वह खुद ही विद्यालय के मैदान में विवाह करने वाले लोगों से लाइनमैन को भेजकर साठ-गांठ कराता है और अपने पैसे तय करने के बाद नम्बर-2 की बिजली चलवाता है। भाजपा कार्यकर्ता सागर बजरंगी का कहना है कि पहले तो उनके पास सुबूत नहीं थे, इसलिए वे खामोश रहे मगर अब मय वीडियो के लाइनमैन द्वारा कटिया डालते हुए वीडियो बना लिया गया है, जिसमें लाइनमैन सीढी लगाकर सीधा जम्फर पर तार डाल रहा है और ये तार कई मीटर तक फैला हुआ है। बड़ी बात यह है कि सिर्फ इस एक शादी का मामला नहीं है, जेई की करतूतें पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। सिर्फ शादियां ही नहीं जेई द्वारा चोर बाजारी का धंधा घरों में भी किया जा रहा है। एक ओर जहां शासन शरीफ लोगों पर चंद रुपया बकाया होने के बाद उन पर कार्रवाई की बात करता है वहीं दूसरी ओर विद्युत विभाग के जेई ही खुद चोरियां कराकर सरकारी राजस्व को हानि पहुंचा रहे हैं। वैसे तो अब यह बात किसी से छिपी नहीं है कि इस शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है, बस प्रत्येक भ्रष्टाचार के खुलने पर ही शासन की आंख खुलती है नहीं तो बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी ये सब तमाशा शिकायत दर्ज होने के बाद भी देखते रहते हैं।











## पैसे के लेन-देन में तीन युवकों का एक युवक पर चाकुओं से जानलेवा हमला

**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** देर रात नई मण्डी थाना क्षेत्र के गांव रथेड़ी में उस समय अफरा-तफरी का माहौल व्याप्त हो गया जब तीन युवकों दानिश, फरमान उर्फ घमंडी व फिरदौस ने मिलकर शाहरुख पुत्र गुलफाम को चाकुओं से चेहरे पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी के साथ शाहरुख के साथ गए मौहम्मद सनव्वर पुत्र गुलफाम को भी इस दौरान घायल करने का प्रयास किया गया मगर सनव्वर की अंगुली टूट गयी है। रात में ही नई मण्डी पुलिस को इसकी सूचना दी गयी और गंभीर अवस्था में घायल शाहरुख का उपचार किया गया। उपचार के दौरान बुलेटिन संवाददाता को शाहरुख के परिजनों ने घटना की पूरी जानकारी दी। समाचार लिखे जाने तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी। मामला पैसे के लेन-देन को लेकर होना बताया गया है।





## साइट अटकी तो बैनामों की घड़ी लटकी

**यूडीआई वेब साइट बाधित रहने से दोपहर बाद तक नहीं हो सके बैनामे**

**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** यूडीआई की वेबसाइट के सोमवार को बाधित रहने से स्टांप एवं निबंधन विभाग पस्त रहा। दोपहर ढाई बजे तक क्रेता विक्रेताओं की रजिस्ट्री का पंजीकरण नहीं हो पाया। उनके आधार का ओटीपी ना मिलने से सत्यापन के कारण पंजीकरण आवेदन सबमिट नहीं हो पा रहा था। सोमवार सदर तहसील के उप निबंधक कार्यालय प्रथम-द्वितीय से लेकर बाहर परिसर में दस्तावेज लेखकों के यहां तक सोमवार को संपत्तियों के क्रेता-विक्रेताओं भीड़ रही। यूडीआई (यूनिक डिवाइस आइडेंटिफिकेशन) की वेबसाइट न चलने के कारण क्रेता-विक्रेताओं के आधार का सत्यापन नहीं हो पा रहा था। सुबह 10 से 2.30 बजे तक उप निबंधक कार्यालयों में एक भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। हालांकि, दोपहर बाद यूडीआई की साइट ने काम करना शुरू किया। इसके चलते क्रेता-विक्रेता परेशान रहे। दस्तावेज लेखक सतीश शर्मा ने बताया कि यूडीआई की वेबसाइट में आई समस्या प्रदेश के अन्य जिलों में भी थी। तकनीकी समस्या से रजिस्ट्री का पंजीकरण नहीं हो पा रहा था। आधार सत्यापन के लिए क्रेता-विक्रेताओं के मोबाइल पर ओटीपी न आने से पंजीकरण आवेदन सबमिट नहीं हो पा रहे थे। दोपहर ढाई बजे तक एक भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। इसी कारण से काफी भीड़ रही। बैंक में भी आरटीजीएस में दिक्कत आ रही थी। बाद में समस्या समाप्त हुई तो रजिस्ट्री का काम शुरू हुआ। इस दौरान अनेक क्रेता और विक्रेता निराश होकर वापस लौट गए। जिले की सभी तहसीलों सदर, जानसठ, खतौली व बुढ़ाना में बैनामों का कार्य इस दौरान बाधित रहा।





### मध्य प्रदेश में ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** मध्य प्रदेश में कोल्हू पर मजदूरी पर गये युवक की ट्रेन की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर परिजन शव लेने के लिए रवाना हो गए। हादसे से परिवार में कोहराम मचा है। क्षेत्र के गांव पिरबड़ निवासी रुपेश पुत्र सेवाराम मध्यप्रदेश के जिला बैतूल में मालकापुर रेलवे स्टेशन के पास एक कोल्हू में मजदूरी का कार्य करता था। बताया गया है कि वह किसी कार्य से रेल पटरी के निकट चला गया और रेल की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। कोल्हू संचालक द्वारा घटना की सूचना मृतक युवक के परिजनों को दी गयी तो सूचना मिलते ही परिजन मध्य प्रदेश के लिये रवाना हो गये। रुपेश की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

### जुआ खेलते 6 गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** तितावी पुलिस ने अमीरनगर ओवर ब्रिज के पास आम के बाग से जुआ खेलते हुए सोनू कुमार, अर्जुन, देवेन्द्र, सुरेश, मोनू निवासीगण काजीखेड़ा व रविन्द्र निवासी जागाहेड़ी थाना तितावी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से साढ़े 10 हजार रुपए बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

## 6 दिन बाद चढ़नी थी बारात, आज मिली युवक की लाश

▶ 21 फरवरी को थी युवक की शादी, परिजनों लगाया आरोप
▶ सोमवार की सुबह 3:15 घर से निकला था युवक

**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बचनसिंह कॉलोनी के युवक का शव पचेंड़ा गांव के जंगल में पड़ा मिला। युवक के बाएं हाथ की नस कटी हुई थी। मौके पर एक चाकू भी पुलिस को बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि युवक की 21 फरवरी को शादी थी। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बच्चन सिंह कॉलोनी निवासी मोनू पुत्र शिव कुमार तड़के 3:15 बजे घर से निकाला था। वह पिछले काफी समय से कम्पटीशन की तैयारी कर रहा था। दोपहर तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजन उसकी तलाश में जुट गए। कुछ समय पश्चात उसका शव गांव पचेंडा के जंगल में पड़ा मिला। मोनू के बाएं हाथ की नस कटी हुई थी। आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सीओ मंडी राजू कुमार साव का कहना है कि युवक ने अपने हाथ से नस काटकर आत्महत्या की है। प्रत्येक बिंदु पर गहनता से जांच की जा रही है। युवक की 21 फरवरी को शादी होनी थी। युवक के पिता शिव कुमार का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जाए। पुलिस ने जांच का आश्वासन दिया है।



## अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले तीन आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार







**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले तीन आरोपियों को शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान एक तस्कर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से पुलिस ने 32 बोर की 3 पिस्टल, 4 मैगजीन, भारी मात्रा में कारतूस व 1स्कूटी बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है। शहर कोतवाली प्रभारी बबलू कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि न्याजूपुरा-चरथावल रोड पर पुलिस टीम चैकिंग कर रही थी। इस दौरान स्कूटी पर सवार तीन संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब तीनों को रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने स्कूटी बुढ़ाना रोड की तरफ मोड़ते हुए भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सुहैल निवासी मोहल्ला चोहट्टा, थाना चरथावल पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने ईख के खेत में कॉम्बिंग करते हुए उसके साथी रिजवान, निवासी-छपार व दानिश निवासी गांव शेरपुर थाना कोतवाली को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 32 बोर के 3 पिस्टल, 4 मैगजीन, 15 कारतूस व 1 एक्टिवा बरामद किया है। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ अवैध हथियार खरीदकर सप्लाई कर रहे थे। मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल हुए आरोपी को उपचार के लिए भिजवा दिया है, वहीं अन्य साथियों का चालान कर दिया है।

## पुलिस ने पिस्टल और रिवॉल्वर सहित अवैध शस्त्रों के सौदागर पकड़े



**मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)।** अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त करने वाले चार आरोपियों को शहर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 1 पिस्टल, 1 रिवॉल्वर व 5 हजार रुपये बरामद किये हैं। पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों का चालान कर दिया है। थाना प्रभारी बबलू कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मिमलाना रोड पर स्थित न्यू गुडलक बारात घर के पास से सिद्धार्थ, अमरीश कुमार निवासीगण गांव मुथरा थाना-चरथावल, हिमांशु निवासी गांव रायपुर, थाना बाबरी, जनपद शामली व दीपक कुमार निवासी केवलपुरी थाना सिविल लाइन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1 32 बोर की पिस्टल, 1 रिवॉल्वर व 5 हजार रुपए नकद बरामद किये हैं। पुलिस पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपी अमरीश व दीपक ने बताया कि हमसे सिद्धार्थ व हिमांशु पिस्टल लेने के लिए आए थे। जिसके लिए उन्होंने 2500-2500 रुपए एडवांस भी दिए थे। बाकी धनराशि डिलीवरी के बाद देने तय हुए थे। आरोपी सिद्धार्थ व हिमांशु अवैध हथियार खरीदने व बेचने का का काम करते हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का चालान कर दिया है। पुलिस उनके साथियों की तलाश कर रही है।

Celebrating 50 Years of Trust & Ongoing Service to patients by
डॉ. ललिता महेश्वरी (Gynecologist) | डॉ. रमेश महेश्वरी (Physician)
स्त्री रोगों के इलाज के साथ आंखों की निम्न विशेष सुविधायें भी

चश्मे से आज़ादी अब बस मिनटों में
चुनें अपनी आँखों के लिए विश्व की सबसे अच्छी तकनीक



Artificial Intelligence (AI) & Robotic Surgery के उपयोग से अब पायें ज्यादा सुरक्षित तकनीक और Sharp & Clear Vision.
Best Results in the world are being achieved by using these techniques.

- SMILE Pro ROBOTIC (lenticule extraction)
- CONTOURA Vision AI (HD Vision)
- Innov Eyes (Wavelight Plus)
- ICL (For high numbers > -10)
- RLE (40 साल से अधिक उम्र वाले भी अब चश्मे से छुटकारा पा सकते हैं ) with AI-ML formulas

डॉ. रजत महेश्वरी
MS, Ex-Fellow LVPEI (हैदराबाद),
Ex-Visiting Fellow Stanford Eye Center (USA)
& Wills Eye Hospital, Philadelphia (USA)

प्रत्येक मंगलवार, बुधवार (By Appointment only 75999 08333)
महेश्वरी नर्सिंग होम एवं आई सेंटर, नई मंडी, मुजफ्फरनगर
Apex Eye & IVF Center, Gaur City Center, Noida Extension

## चांदी 1,486 सस्ती हुई, सोना 1,333 बढ़कर 1.54 पर पहुंचा

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसी)। चांदी के दाम में आज 16 फरवरी को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (क्ष्ख्अ) के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 1,486 रुपए गिरकर 2,40,947 रुपए किलो पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को चांदी की कीमत 2,42,433 रुपए किलो थी। वहीं, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 1,333 रुपए बढ़कर 1,54,098 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले शुक्रवार को ये 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। हालांकि, पिछले तीन कारोबारी दिनों में चांदी 25,502 और सोना 3,224 रुपए सस्ता हुआ है। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1,76,121 रुपए और चांदी ने 3,85,933 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। तब से अब तक सोना 22,023 रुपए और चांदी 1,44,986 सस्ती हो चुकी है।

## गुजरात के 32 स्कूलों में बम की धमकी

अहमदाबाद, 16 फरवरी (एजेंसी)। गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई है। वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।

## थोक महंगाई दस महीने में सबसे ज्यादा, खाने-पीने की चीजें महंगी हुईं

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसी)। जनवरी में थोक महंगाई बढ़कर 1.81% पर पहुंच गई है। इससे पहले दिसंबर में थोक महंगाई 0.83% पर थी। ये 10 महीनों में सबसे ज्यादा है। मार्च 2025 को ये 2.05% पर थी। कॉमर्स मिनिस्ट्री ने आज यानी 16 फरवरी को थोक महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। इसके मुताबिक रोजाना जरूरत के सामान, खाने-पीने की चीजें महंगी हुई हैं। रोजाना की जरूरत वाले सामानों (प्राइमरी आर्टिकल्स) की महंगाई 0.21% से बढ़कर 2.21% हो गई। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई माइनस 0.43% से बढ़कर 1.55% हो गई। फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर माइनस 2.31% से घटकर माइनस 4.01 रही। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 1.82% से बढ़कर 2.86% रही।

## मुस्लिम विधायक शिवरात्रि पर मंदिर पहुंचे तो मंदिर में गोमूत्र छिड़ककर शुद्धिकरण किया

मुंबई, 16 फरवरी (एजेंसी)। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में शिवसेना (शिंदे गुट) के विधायक और पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार के महाशिवरात्रि पर मंदिर दर्शन को लेकर विवाद हो गया। दावा किया जा रहा है कि सत्तार के दर्शन के बाद कुछ युवकों ने मंदिर परिसर में गौमूत्र छिड़ककर शुद्धिकरण किया। युवकों का गौमूत्र छिड़कने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवकों का कहना है कि सत्तार मांसाहारी भोजन करते हैं। उनके अनुसार, महाशिवरात्रि जैसे पवित्र दिन ऐसे व्यक्ति का मंदिर में प्रवेश उचित नहीं था। हालांकि, इस घटना पर अब्दुल सत्तार की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## सलमान के हिरण शिकार मामले में सुनवाई से हटे जज

जोधपुर, 16 फरवरी (एजेंसी)। राजस्थान हाईकोर्ट में बहुचर्चित काला हिरण शिकार मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। जस्टिस बलजिंदर सिंह संधू ने इस मामले की सुनवाई करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने फाइल को किसी अन्य बेंच के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई दूसरी बेंच करेगी।



दरअसल, साल 1998 के इस मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान की सजा के खिलाफ अपील और राज्य सरकार की ओर से सह-आरोपियों को बरी करने के खिलाफ दायर 'लीव टू अपील' पर संयुक्त सुनवाई होनी थी। तकनीकी प्रक्रियाओं और बेंच बदलने के कारण अब इस मामले की कानूनी प्रक्रिया में नया समय तय होगा। मामला सितंबर-अक्टूबर 1998 का है, जब फिल्म 'हम साथ साथ हैं' की शूटिंग के दौरान कांकाणी गांव की सरहद पर दो काले हिरणों का शिकार किया गया था। निचली अदालत ने सलमान खान को दोषी मानते हुए 5 साल के कारावास और 25 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किया था। वहीं, सह-आरोपी सैफ अली खान, नीलम, तब्बू, सोनाली बेंद्रे और दुष्यंत सिंह को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया गया था। राज्य सरकार ने इन कलाकारों को बरी किए जाने के आदेश को राजस्थान हाईकोर्ट में 'लीव टू अपील' के माध्यम से चुनौती दी थी।

# मंत्री कपिल देव ने विधानसभा में हाईकोर्ट बेंच व एम्स की मांग प्रभावी रूप से उठाई

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। नगर विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्रत प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को उठाते हुए मेरठ में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना का मुद्दा प्रमुखता से रखा। उन्होंने कहा कि न्यायिक कार्यो हेतु दूरस्थ स्थानों पर जाना क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत कठिन एवं खर्चीला है। मेरठ में हाईकोर्ट बेंच स्थापित होने से न्याय सुलभ, त्वरित एवं किफायती होगा।

इसके अतिरिक्त उन्होंने मेरठ में एम्स जैसी उच्चस्तरीय स्वास्थ्य संस्था की स्थापना की आवश्यकता पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी उपचार हेतु क्षेत्र की जनता को दिल्ली सहित अन्य महानगरों पर निर्भर रहना पड़ता है। मेरठ में एम्स की स्थापना से पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी आबादी को उन्नत एवं जीवनरक्षक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल



सकेगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सामाजिक सुरक्षा के विषय को उठाते हुए वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन एवं दिव्यांगजन पेंशन में की गई बढ़ोतरी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पेंशन वृद्धि सरकार की संवेदनशील सोच का परिचायक है, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक संबल प्राप्त होगा। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आशा व्यक्त की कि सरकार जनहित के इन महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक निर्णय लेकर क्षेत्रीय विकास एवं जनकल्याण को और गति प्रदान करेगी।

# विधानसभा घेराव की तैयारी में जुटे कांग्रेसी हाउस अरेस्ट

### मनरेगा बचाओ अभियान के बीच विरोध दर्ज कराने की पहल

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी के आह्वान पर राष्ट्रीय महासचिव प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में मंगलवार 17 फरवरी को मनरेगा बचाओ अभियान के अन्तर्गत भाजपा के कुशासन के खिलाफ होने वाले विधानसभा घेराव के लिए जनपद से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को इस आंदोलन का हिस्सा बनने के प्रयासों को विफल करने में पुलिस प्रशासन सफल साबित हुआ। सोमवार को लखनऊ में होने वाले घेराव की कांग्रेस की योजना को लेकर जनपद मुजफ्फरनगर से पूर्व जिलाध्यक्ष पं. सुबोध शर्मा के आवास पर पुलिस ने तमाम नेताओं को हाउस अरेस्ट किया। कांग्रेस नेता पं. सुबोध शर्मा के नेतृत्व में इस दौरान यहां पीसीसी सदस्य गुफरान काजमी, लियाकत राव, महफूज राणा, विनोद गुर्जर, धीरज महेश्वरी, अनिल दत्त शर्मा, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष गीता काकरान के



अलावा युगल किशोर भारती, बृजभूषण शर्मा, नफीस त्यागी, राजकुमार धीमान, आरिफ अंसारी, सगीर मलिक, विकास, राजकुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने निजी वाहनों से लखनऊ जाने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच सत्ता के दबाव में प्रशासन द्वारा स्थानीय पुलिस ने आकर सभी पदाधिकारियों को जबरन हाउस अरेस्ट कर लिया और लखनऊ जाने से रोक दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुबोध शर्मा ने कहा कि यह प्रदेश सरकार की तुच्छ मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश सरकार यह तानाशाही कृत्य कर रही है, इससे ऐसा लगता है कि प्रदेश सरकार भारतीय संविधान व प्रजातंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रही है।

## पीएम मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 16 फरवरी (एजेंसी)। भारत में आज 16 फरवरी से दुनिया के सबसे बड़े टेक्नोलॉजी इवेंट में से एक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका औपचारिक उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने इवेंट में शामिल हुए स्टार्टअप्स के पवेलियंस में जाकर उनके इनोवेशंस की जानकारी ली। ये इवेंट 20 फरवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में चलेगा। समिट के साथ-साथ 'इंडिया अक इम्पैक्ट एक्सपो 2026' का भी आयोजन किया जा रहा है। यहां दुनियाभर की कंपनियां अपने लेटेस्ट अकसॉल्यूशंस को दुनिया के सामने पेश करेंगे। यहां आम लोग देख सकेंगे कि एआई असल जिंदगी में कैसे काम करता है और भविष्य में अकसे खेती, सेहत और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में क्या बदलाव लाने वाला है।

## मेरठ कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल से हड़कंप

मेरठ, 16 फरवरी (एजेंसी)। मेरठ कचहरी को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही अधिकारियों ने तत्काल सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और ड्रोन से निगरानी कराई। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई। कचहरी परिसर की चारों ओर से नाकाबंदी कर दी गई और चेंबर में मौजूद अधिवक्ताओं को तुरंत बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। सीओ सिविल लाइन के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरे परिसर में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई और वहां खड़े वाहनों की भी गहन जांच की गई। अचानक हुई इस कार्रवाई से न्यायालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कुछ ही देर में 14 न्यायालय की बिल्डिंग में सन्नाटा पसर गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## बिना नागरिकता के 30 साल से मेरठ में रह रहीं मां-बेटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

मेरठ, 16 फरवरी (एजेंसी)। जनपद के देहली गेट थाना क्षेत्र अंतर्गत जली कोठी स्थित नादिर अली कोठी में पिछले तीन दशकों से बिना भारतीय नागरिकता के रह रही एक महिला और उसकी बेटी के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।



आरोप है कि मां-बेटी अवैध रूप से भारत में रह रही हैं और आईएसआई के लिए जासूसी करते हुए गोपनीय जानकारियां सीमा पार पहुंचा रही हैं। इस मामले के सामने आते ही पुलिस प्रशासन के साथ-साथ एलआईयू और स्पेशल इंटेलिजेंस की टीमें भी जांच में जुट गई हैं। पुलिस अब इनके अन्य परिजनों की भी भूमिका की पड़ताल कर रही है। देहली गेट के कोठी अतानस निवासी रुकसाना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि जली कोठी की नादिर अली बिल्डिंग निवासी फरहत मसूद (पुत्र मसूद अहमद) ने वर्ष 1988 में पाकिस्तान जाकर सबा उर्फ नाजी नाम की पाकिस्तानी महिला से निकाह किया था। इस विवाह से उन्हें तीन संतानें हुईं। वर्ष 1993 में सबा पाकिस्तान गई थी जहां उसने 25 मई 1993 को अपनी चौथी बेटी ऐमन फरहत को जन्म दिया। तहरीर के अनुसार पाकिस्तान से वापस लौटते समय सबा ने अपने पाकिस्तानी पासपोर्ट पर ऐमन फरहत की एंट्री कराई थी और भारत आ गई। यहां आने के बाद ऐमन का दाखिला कैंट के एक प्रतिष्ठित स्कूल में कराया गया लेकिन उसे कभी भी भारतीय नागरिकता दिलाई नहीं गई। आरोप है कि सबा और ऐमन फरहत आज भी तकनीकी रूप से पाकिस्तानी नागरिक ही हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि सबा ने जालसाजी करते हुए फर्जी दस्तावेज तैयार किए और ऐमन का फर्जी भारतीय पासपोर्ट बनवा लिया। इतना ही नहीं सबा ने मतदाता सूची में भी हेरफेर कर अपने सबा मसूद और नाजिया मसूद के नाम से दो अलग-अलग वोटर कार्ड बनवा लिए जबकि ये दोनों नाम एक ही पाकिस्तानी महिला के हैं। इन्ही फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मां-बेटी द्वारा कई बार विदेश यात्राएं करने की बात भी सामने आई है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। इतने संवेदनशील मामले में एलआईयू और इंटेलीजेंस की विफलता पर भी सवाल उठ रहे हैं। शहर के बीचों-बीच दशकों से संदिग्ध गतिविधियां चल रही थीं लेकिन स्थानीय खुफिया तंत्र गहरी नींद में सोया रहा। अब जबकि मामला सार्वजनिक हो गया है तब जाकर अधिकारी पड़ताल की बात कर रहे हैं। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि कहीं यह मामला आपसी रंजिश का तो नहीं है।

# कोहरा लौटा तो सुबह हुई धुंधली

### ▶ धूप निकलने से मिली राहतः पारा 26.6/11.7 ▶ आज कहीं कोहरे तो कही बूंदाबांदी का अनुमान

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। कई हफ्ते गायब रहा कोहरा आज लौटा तो सुबह के समय आसमान पर धुंध छाई रही। इसके चलते दृश्यता बाधित हुई और वाहनों का संचालन भी प्रभावित हुआ। हालांकि जल्द ही धूप निकलने से लोगों ने राहत की सांस ली। नगर में आज तापमान अधिकतम 26.6 और न्यूनतम 11.7 डिग्री रहा। इसके चलते दिन के साथ रात में गर्माहट दिखाई दी। मौसम विभाग ने कहीं कोहरे तो कहीं बूंदाबांदी की संभावना है।



सोमवार की सुबह घने कोहरे की दस्तक ने एक बार फिर ठंड की मौजूदगी का अहसास कराया। देर तक आसमान पर कोहरे की चादर के चलते हाईवे तथा सड़कों पर दृश्यता बाधित रहने से यातायात प्रभावित हुआ। वाहन काफी रेंगते हुए चले। हालांकि साढ़े दस बजे के करीब धुंध छंटने के साथ सूर्यदेव अपनी पूरी ताकत के साथ धूप लेकर आए तो लोगों ने राहत की सांस ली। तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया। इसके चलते दिन में पारा 26.6 और बीती रात 11.7 रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले 15 घंटे में देश के 10 राज्यों में बारिश की पूरी संभावना है। इस बारिश की वजह से लोगों को यात्रा के दौरान परेशानी हो सकती है। वहीं, पहाड़ी राज्य घूमने जाने वालों के लिए भी नया अपडेट है। उत्तर भारत के 19 जिलों में मध्यम कोहरे परेशानी बढ़ाने वाले हैं। ठंड का असर ज्यादा खत्म होने को है लेकिन कुछ राज्यों में कोहरे का असर अभी भी देखने को मिल रहा है। जिन जिलों में कोहरे की चेतावनी है उनमें यूपी के झांसी, बिजनौर, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, अयोध्या, प्रयोगराज, गोरखपुर और देवरिया शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक इस सप्ताह दिल्ली व एनसीआर में बारिश की कोई संभावना नहीं है। सुबह में हल्के से मध्यम कोहरे का साया बना रहेगा। आईएमडी के अनुमान के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम बिगड़ने की आशंका है। यानी, बारिश एक बार फिर से परेशानी बढ़ाने वाली है। जिन जिलों में बारिश की संभावना है उनमें आगरा, अमेठी, अमरोहा, अयोध्या, इलाहाबाद, बागपत, बलिया, बांदा, बाराबंकी, बिजनौर और हापुड़ शामिल हैं। बारिश के दौरान तेज हवा के झोंके और बिजली गिरने की संभावना है।

## वेलेंटाइन डे पर एक और पति का कत्ल

एटा, 16 फरवरी (एजेंसी)। पत्नी ने अपने पति को रास्ते से हटाने के लिए प्रेमी के साथ मिलकर साजिश रची। हत्या को हादसा दिखाने के लिए शव को खेत में फेंक दिया। पुलिस के अनुसार पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से पति को जहरीला स्प्रे सुंघाकर हत्या कर दी। पत्नी समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयोग की गई कार, जहरीली स्प्रे की डिब्बी और शराब की बोतलें बरामद की गई हैं। एसएसपी श्वेताभ पांडेय ने बताया कि 14 फरवरी की सुबह करीब 7:30 बजे पीआरवी को सूचना मिली कि गांव अंगरैया से बंधा रोड पर शराब के ठेके के सामने गेहूं के खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। शिनाख्त के बाद मृतक की पहचान हेमंत निवासी आवास विकास कॉलोनी कोतवाली नगर व मूल निवासी विच्छेद पहाड़पुर थाना जैथरा के रूप में हुई। वह कचहरी परिसर में स्टांप विक्रेता था और पत्नी व बेटे के साथ एटा में ही रह रहा था। पोस्टमार्टम के बाद 15 फरवरी को मृतक के भाई वसंत ने थाना जैथरा में पत्नी, सुमित कुमार निवासी रेलवे रोड शांति नगर व अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने बताया पूछताछ में पता चला कि मृतक की पत्नी के सुमित कुमार से अवैध संबंध थे। इसी वजह से उसको रास्ते से हटाने की नीयत से 13 फरवरी को पत्नी ने सुमित व अन्य लोगों के साथ मिलकर योजना बनाई। इसके तहत एक कार किराए पर ली गई और हेमंत को शादी में शामिल होने का बहाना बनाकर एटा से बेवर होते हुए अलीगंज मार्ग पर ले जाया गया। यात्रा के दौरान रास्ते में दो स्थानों पर उसे शराब पिलाई। इसके बाद नशा होने पर रेपिडेम एसएल स्प्रे जो कि जहरीली होती है।

## पुरा महादेव में अब नालियों में नहीं बहेगा अभिषेक का दूध, बनेगी अगरबत्ती-धूपबत्ती

बागपत, 16 फरवरी (एजेंसी)। बागपत के पुरा महादेव स्थित परशुरामेश्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जलाभिषेक के लिए करीब ढाई किलोमीटर लंबी लाइन लगी रही। प्रशासन के अनुसार करीब पांच लाख श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस बार जिला प्रशासन ने अनूठी पहल करते हुए अभिषेक में इस्तेमाल दूध को नालियों में बहने से बचाया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल की पहल पर गर्भगृह के बाहर वालंटियर तैनात किए गए, जिन्होंने दूध को बर्तनों और ड्रमों में एकत्र किया। इसके बाद यह दूध गोशालाओं और लावारिस पशुओं के लिए भेजा गया। प्रशासन के अनुसार दूध और जल के मिश्रण में करीब 30 प्रतिशत दूध था। अनुमान है कि कुल मिलाकर करीब ढाई हजार लीटर दूध बचाया गया। यह पहली बार हुआ जब अभिषेक का दूध दोबारा उपयोग में लाया गया।

# सीएम योगी बोले- सपा के लोग गाजी मेले का समर्थन करते हैं, जो भारत की संस्कृति को रौंदने आया था

लखनऊ, 16 फरवरी (एजेंसी)। विधानसभा सत्र में सीएम योगी ने कहा, सपा के लोग गाजी के मेले का समर्थन करते हैं, जो भारत की संस्कृति को रौंदने आया था। महाराज सुहेलदेव के नाम पर हमने विवि बनाया। ये लोग राम मंदिर का विरोध करते हैं, काशी विश्वनाथ का विरोध करते हैं। इन लोगों में भारत की आस्था का कोई सम्मान नहीं है।

### जनता की आंखों में धूल झोक रही कांग्रेस व सपा

सीएम ने आरोप लगाया कि कांग्रेस व सपा एक तरफ संविधान के नाम पर जनता की आंखों में धूल झोक रही है तो दूसरी तरफ राष्ट्रगीत वंदे मातरम का विरोध कराया जा रहा है। इनके सदस्य कह रहे हैं कि हम वंदे मातरम नहीं गाएंगे। हिंदुस्तान में रहकर राष्ट्रगीत न गाना नहीं चलेगा। यह संविधान निमार्ताओं और बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का अपमान है। वंदे मातरम को 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रगीत के रूप में मान्यता मिली थी। हर भारतीय का दायित्व है कि इन प्रतीकों को सम्मान दे। सीएम ने कहा कि गाजी भारत की परंपरा और संस्कृति को रौंदने आया था, सपा के लोग इस गाजी के मेले का समर्थन करते हैं।



श्रावस्ती के तत्कालीन नरेश महाराज सुहेलदेव के नेतृत्व में हिंदु राजाओं ने उसे रौंद डाला। डबल इंजन सरकार ने महाराज सुहेलदेव को सम्मान दिया। बहराइच के चित्तौड़ा में उनका भव्य स्मारक और उनके नाम पर विश्वविद्यालय भी बनाया। संभल, बरेली, बौद्ध तीर्थ, प्रयागराज, काशी, मथुरा समेत सभी तीर्थों का विकास किया जा रहा है। आज यूपी की पहचान देव दिवाली से होती है। सीएम ने कहा, यूपी को बीमारू राज्य कहकर लोग इसका मजाक उड़ाते थे। आज देश की जीडीपी में 9.5 फीसदी है। प्रति व्यक्ति आया तीन गुना हुई है। 8.5 वर्षों में कोई नया टैक्स नहीं लगाया, हां टैक्स चोरी रोकी है। आज रेवेन्यू सरप्लस प्रदेश के रूप में हम हैं। 2017 से पहले कृषि के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं थी। किसान सिर्फ वोट बैंक था। आज लागत कम उत्पादन ज्यादा है। आज किसान विकास का साथी है। जो भी पैसा होता है, डीबीटी के माध्यम के सीधे अन्नदाता के खातों में जाता है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि से 95 हजार करोड़ से अधिक धनराशि यूपी के किसानों को दी गई है। आज 'खेती की बात खेत में' हो रही है। कृषि वैज्ञानिक जाते हैं, किसान से बात करते हैं। कृषि उत्पादन की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। आज प्रदेश के अंदर 7727 गो आश्रय स्थल संचालित हैं। इनमें 16 हजार से अधिक गवंश हैं। प्रदेश में 3 लाख 6 हजार करोड़ गन्ना किसानों को मूल्य का भुगतान किया गया। सीएम ने कहा, आज ओडीओपी के माध्यम से उत्पादकों को बाजार से जोड़ा। 96 लाख एमएसएमई यूनिट में 96 लाख युवाओं के लिए रोजगार का रास्ता खुला। जो सरकार अपने हस्तशिल्पियों का सम्मान नहीं करती, उसका सपा जैसा हाल होगा। निवेश की पहली शर्त सुरक्षा, दूसरी सुविधा और तीसरी शर्त पालिसी बनाकर उसका क्रियान्वयन करना है। आज यूपी में तीनों हैं। डबल इंजन सरकार से स्पीड आना भी स्वाभाविक है। पहले मात्र 14 हजार कारखाने थे। 2017 के बाद से इनकी संख्या 31 हजार पार कर गई है।

## छात्रा को घर ले गई दूसरे समुदाय की सहेली, नशा देकर भाई से कराया दुष्कर्म

बरेली, 16 फरवरी (एजेंसी)। नवाबगंज क्षेत्र में दूसरे समुदाय की सहेली पर बहाने से घर ले जाने और उसके भाई पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाकर कक्षा 10 की छात्रा ने पुलिस से शिकायत की है। छात्रा का आरोप है कि अब आरोपी के परिजन उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि उसकी बेटी के कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव था। बेटी इसमें शामिल होने गई थी। शाम तक लौटकर न आने पर उन्हें चिंता हुई। तलाश करने के दौरान पड़ोस के गांव में रहने वाली बेटी की सहेली का भाई बाइक पर बैठाकर उसे घर छोड़ गया। उन्होंने बताया कि बेटी नशे में लग रही थी। नशा उतरने पर उसने बताया कि दूसरे समुदाय की सहेली उसे जबरदस्ती घर ले गई थी। वहां नशीला



पदार्थ पिला दिया। बाद में सहेली के भाई ने अश्लील हरकतें शुरू कर दी। उससे दुष्कर्म किया। आरोपी के परिजनों ने धमकी दी यदि घटना की जानकारी किसी को दी तो उसका अश्लील वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। शिकायत मिलने के बाद पुलिस आरोपी युवक के साथ ही उसके परिजनों की तलाश कर रही है, मगर वह घर से फरार हो चुके हैं। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि जांच के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## 32 फीट चौड़े, 64 फीट लंबे और 8 फीट ऊंचे मंच से जनसभा को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री

मेरठ, 16 फरवरी (एजेंसी)। मोहिद्दीनपुर में प्रस्तावित जनसभा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। जनसभा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के लिए 32 फीट चौड़ा, 64 फीट लंबा और 8 फीट ऊंचा भव्य मंच तैयार किया जा रहा है। जनसभा स्थल पर करीब 8 लाख वर्ग फीट क्षेत्रफल में लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। पंडाल में एक लाख से अधिक लोगों के बैठने के लिए सोफे और कुर्सियां लगाई जाएंगी, जिससे अधिक से अधिक लोग सभा में शामिल हो सकें। जनसभा से दो दिन पहले पूरा स्थल एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) के सुरक्षा घेरे में आ जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर पूरे पंडाल और आसपास के क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। जनसभा स्थल के पंडाल के दोनों ओर पांच स्थानों पर हेलीपैड बनाए जा रहे हैं, ताकि वीआईपी आगमन और प्रस्थान में सुविधा हो। मंच पर आने वाले वीआईपी के लिए अलग और सुरक्षित मार्ग तय किया जा रहा है। वहीं आम जनता को गेझा मार्ग से जनसभा स्थल में प्रवेश दिया जाएगा। इसी मार्ग के पास हजारों वाहनों की पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

# पुरानी पेंशन को लेकर सरकार ने सदन में दी स्पष्टता, 28 मार्च 2005 से पहले विज्ञापित पदों पर लागू होगा नियम

लखनऊ, 16 फरवरी (एजेंसी)। प्रदेश में पुरानी पेंशन का विकल्प चुनने वाले कार्मिकों का 28 फरवरी को एनपीएस खाता बंद हो जाएगा। यह विकल्प चुनने का अधिकार उन कार्मिकों को दिया गया है, जिनकी नियुक्ति का विज्ञापन 28 मार्च 2005 के पूर्व हो चुका था। यह जानकारी विधान परिषद में प्रश्न प्रहर में सपा एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव के प्रश्न के जवाब में संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने दी। यह भी बताया कि ऐसे कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के दायरे में लाने संबंधी आदेश जारी करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 और एनपीएस खाता बंद करने की तिथि 30 जून 2025 निर्धारित की गई थी। कार्मिकों की ओर से या तो विलंब से विककल्प प्रस्तुत किए गए या नियुक्ति प्राधिकारियों ने समय से आदेश जारी नहीं किए। इसलिए अब एनपीएस खाता बंद करने की तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है। उसके बाद ही एनपीएस में जमा धनराशि को जीपीएफ खाते में जमा कराया जा सकेगा।

### आंगनबाड़ी, आशा कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाने की घोषणा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कार्यरत हजारों आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने की घोषणा की है। विधान परिषद में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद पर चर्चा में मुख्यमंत्री ने हाल ही में निराश्रित व वृद्धा अवस्था पेंशन की घोषणा की चर्चा करते हुए कहा कि हम आंगनबाड़ी व आशा कार्यकताओं का भी मानदेय बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षामित्रों व अनुदेशकों के लिए भी सरकार काम कर रही है। हाल ही में शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, रसोइयों, शिक्षकों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा हुई है। एक अप्रैल से इसका लाभ भी मिलने लगेगा। इसमें पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा सुविधा निःशुल्क उपलब्ध होगी। हमारी सरकार तुष्टीकरण नहीं संतुष्टीकरण कर रही है। हमने छह करोड़ लोगों को गरीबी से ऊपर उठाया है। इससे पहले सीएम ने कहा कि पहले कहा जाता था कि देख सपाई, बिटिया घबराई। किंतु अब ऐसा नहीं है। अब बेटियां रात की शिफ्ट में भी काम करके सुकून से घर जाती हैं। उन्होंने कहा कि विकास की पहली शर्त ह्यरूल ऑफ लॉह्ण है और इसी लक्ष्य को पाने के लिए सरकार ने मजबूती से काम किया। रिकॉर्ड स्तर पर पुलिस भर्तियां की गईं, महिला सशक्तीकरण पर विशेष ध्यान दिया। युवाओं के लिए नई योजनाएं शुरू की गईं। मॉडर्न पुलिसिंग, सुदृढ़ साइबर और फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर भी विशेष कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ कानून-व्यवस्था से उत्तर प्रदेश अब फियर जोन से फेथ जोन में बदला है। अब यहां भय का नहीं बल्कि आस्था का वातावरण है। लोग सुरक्षा और व्यवस्था पर विश्वास के साथ प्रदेश में आ रहे हैं। कर्फ्यू कल्चर की जगह जीरो टॉलरेंस कल्चर ने नई पहचान दी है। दंगों की जगह अब फेस्टिवल और टेंपल आधारित अर्थव्यवस्था तेजी से विकसित हो रही है। जो प्रदेश पहले दंगों और अव्यवस्था के कारण भय की स्थिति में था, वहां अब उत्सव और आस्था का वातावरण दिखाई देता है।

### एनपीएस वाले शिक्षकों का राज्यांश समय से जमा कराएं

विधान परिषद में एनपीएस के दायरे में आने वाले शिक्षकों का मुद्दा उठाते हुए सदस्य ध्रुव कुमार पाठक ने कहा कि ये व्यवस्था अधिकारियों की मनमानी का शिकार हो गई है। एनपीएस में शिक्षक का राज्यांश 10 और राज्यांश 14 फीसदी का अंशदान जमा करने की व्यवस्था है। इन दोनों कटौतियों का अंशदान एनएसडीएल में जमा करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि राज्यांश देरी से जमा किया जाता है। ध्रुव त्रिपाठी ने ये भी कहा कि पुरानी पेंशन के दायरे में आने वाले हजारों शिक्षकों की एनपीएस धनराशि जीपीएस खातों में ट्रांसफर नहीं की गई है। एनपीएस सेवा के अंतर्गत रिटायर होने वाले शिक्षकों को 800 से लेकर 1500 रुपये महीना पेंशन मिल रही है। इस पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि राज्यांश की धनराशि में कोई देर नहीं की जा रही है। समय से धनराशि का आवंटन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्यांश की धनराशि प्रत्येक तिमाही जमा की जाती है। इस पर ध्रुव त्रिपाठी ने कहा कि 10 फीसदी और 14 फीसदी राज्यांश दोनों एक साथ शिक्षक के खाते में जाए ताकि ब्याज का नुकसान न हो। सभापति ने उनके सुझाव का परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

# देर रात डिवाइडर से टकराकर ट्रक पलटने से दिनभर रहा जाम, पुलिस ने बहाल कराया यातायात

मुजफ्फरनगर, 16 फरवरी (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत टीपी नगर के पास नेशनल हाईवे-58 पर रविवार की देर रात एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर पलट गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ और एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हादसा रविवार देर रात का



है, जब एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक असंतुलित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और बीच सड़क पर ही पलट गया। ट्रक के पलटने से हाईवे के एक तरफ का रास्ता थोड़ा बाधित हो गया, जिससे वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई और जाम की स्थिति पैदा हो गई।

सूचना मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने तत्काल क्रेन की मदद से पलटे हुए ट्रक को सड़क के किनारे कराया और यातायात को सामान्य बनाया। हादसे के वक्त सड़क पर अन्य वाहनों की आवाजाही कम थी, जिस कारण कोई अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आया। नई मंदी कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि, रविवार देर रात हादसा हुआ था, सूचना मिलते ही ट्रक को सड़क किनारे करा दिया गया था। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। फिलहाल हाईवे पर यातायात पूरी तरह सुचारू है।

## ऑयल फैक्टरी समेत दो कंपनियों में लगी भीषण आग

गाजियाबाद, 16 फरवरी (एजेंसी)। गाजियाबाद के साहिबाबाद के लिंकरोड थानाक्षेत्र के साइट चार औद्योगिक क्षेत्र में संचालित चरण ऑटोटेक व भारत ऑयल फैक्टरी में सोमवार दोपहर अचानक आग लग गई। इसकी शुरूआत ऑटो मोबाइल पाटर्स निमार्ता फैक्टरी चरण ऑटोटेक से हुई। आग एक टिनशेड में थी। उसके गिरने पर वहां रखा भारी मात्रा में पाटर्स का सामान, पैकिंग सामान और थमाकोल व अन्य ज्वलनशील सामान की वजह से आग फैलती चली गई। आग लगने के बाद फैक्टरी कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकालकर दमकल को सूचना दी गई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि गाजियाबाद, साहिबाबाद, हापुड़, लोनी और गौतमबुद्ध नगर से 10 वाटर टेंडर व फोम टेंडर मंगाए गए। इसके बाद आग बुझाने का काम शुरू किया गया। ऑयल फैक्टरी के केवल एक हिस्से में लगे टिन शेड तक ही आग पहुंच पाई थी, जिसे तुरंत बुझा दिया गया। वहीं ऑटो पाटर्स फैक्टरी की आग बुझाने में करीब दो घंटे से भी ज्यादा का समय लगा।

# राजस्थान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 8 लोग जिंदा जलेः 4 झुलसे

भिवाड़ी, 16 फरवरी (एजेंसी)। केमिकल फैक्ट्री में अचानक तेज धमाका हुआ। इसमें 8 मजदूर जिंदा जल गए, जबकि 4 गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें दिल्ली एम्स रेफर किया गया है। शव बुरी तरह जल गए थे। कई शवों के कंकाल भर बचे थे। बॉडी पाट्?र्स के टुकड़े बिखरे मिले। रेस्क्यू टीम ने इन टुकड़ों को पॉलीथीन में इकट्?ठा किया। हादसा खुशखेड़ा कारौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ। फैक्ट्री मैनेजर अभिनंदन को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। फैक्ट्री को सीज कर दिया है। एसपी मनीष कुमार ने बताया- मरने वालों के परिजनों की ओर से फैक्ट्री मालिक और जो फैक्ट्री चला रहा था, उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। हादसे में बिहार के मोतीहारी के सुजंत, मिंटू, अजीत, रवि और चंपारण जिले के रहने वाले श्याम और अमरेश की मौत हो गई। वहीं शिव शशिभूषण कहां का रहने वाला है, इसका पता नहीं चला। एक



मजदूर की मौत अस्पताल ले जाते समय हुई। डीएनए जांच और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे। इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। मौके से बारूद, पटाखे और पैकिंग के डिब्बे मिले हैं। घटना के समय करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे।

## अनूठी मिसाल, दूल्हे ने शगुन में मिले 21 लाख रुपये लौटाए

सहारनपुर, 16 फरवरी (एजेंसी)। गागलहेड़ी थानाक्षेत्र में दहेज रहित विवाह का एक उत्कृष्ट उदाहरण शनिवार रात एक विवाह समारोह में देखने को मिला। इसमें दूल्हे प्रफुल्ल सोम ने दुल्हन साक्षी राणा के पिता छुटमलपुर निवासी रविंद्र सिंह राणा द्वारा शगुन के तौर पर दिए गए 21 लाख रुपये की रकम ससम्मान लौटा दी। मेरठ के गांव कुसावली से यूपी पुलिस में उपनिरीक्षक यशपाल सिंह सोम का बेटा प्रफुल्ल सोम कैलाशपुर स्थित एक बैंक्वेट हाल में बरात लेकर आया था। वधू पक्ष की ओर से परंपराओं का निर्वहन किया जा रहा था। जैसे ही वधू पक्ष की तरफ से 21 लाख रुपये की भेंट



दूल्हे की तरफ बढ़ाई गई तो उसने इसे लेने से मना कर दिया। इसकी सहमति दूल्हे के पिता यशपाल सिंह सोम ने भी दी। उन्होंने कहा कि दुल्हन ही दहेज है और उन्हें एक भी पैसा दहेज में नहीं चाहिए। दूल्हे प्रफुल्ल के पिता यशपाल सिंह सोम गागलहेड़ी और फतेहपुर थाने सहित जिले के कई थानों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वर्तमान में शामली जिले के कैराना थाने में तैनात हैं। वर और वधु दोनों नोएडा स्थित कंपनी में इंजीनियर हैं।

# महाशिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाने से 100 से अधिक बीमार

ग्रेटर नोएडा, 16 फरवरी (एजेंसी)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की इको विलेज-3, हिमालया प्राइड और रॉयल कोर्ट सोसाइटी के निवासियों को महाशिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाना भारी पड़ गया। कुट्टू का आटा खाने से तीनों सोसाइटी में 100 से अधिक लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहीं। सभी को उल्टी-दस्त व पेट दर्द की समस्या रही। देर रात तक 40 से अधिक लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाकी ने घर पर दवा ली। वहीं घटना के अगले दिन खाद्य विभाग हरकत में आया और आटे के नमूने लिए है। महाशिवरात्रि पर रविवार को शहर के काफी लोगों ने व्रत रखा था। इनमें ग्रेनो वेस्ट की इको विलेज-3, रॉयल कोर्ट और



हिमालया प्राइड सोसाइटी के निवासी भी शामिल हैं। सभी ने अपनी-अपनी सोसाइटी की मार्केट की दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा। जो ए-प्योर ब्रांड का था और पैकिंग में था। व्रत खोलने के बाद लोगों ने कुट्टू के आटे के पकवान खाए। रात करीब 8 बजे के बाद लोगों की तबीयत खराब होने लगी। निवासियों ने बताया कि पहले हाथ-पैर सुन होने लगे। उसके बाद उल्टी-दस्त शुरू हो गए।

## अमीषा पटेल के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी

मुरादाबाद, 16 फरवरी (एजेंसी)। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। वह समन भेजने के बावजूद कोर्ट में हाजिर नहीं हो रही थी। अभिनेत्री पर 2017 में शादी समारोह में कार्यक्रम के नाम पर 14.50 लाख रुपये लेने के बाद भी नहीं आने का आरोप है। आयोजक पवन वर्मा ने कोर्ट में मुकदमा दाखिल किया था। डबल फाटक निवासी एक इवेंट कंपनी के मालिक पवन वर्मा ने बताया कि 16 नवंबर 2017 को आयुष अग्रवाल की शादी में अमीषा पटेल को बुलाया गया था। उन्होंने 14.50 लाख रुपये का अग्रिम भुगतान किया था। शहर के दिल्ली रोड होलीडे रीजेंसी होटल में ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी की थी। फिर भी अभिनेत्री अमीषा पटेल मुंबई से मुरादाबाद नहीं पहुंचीं। बातचीत करने पर उन्होंने पूरी राशि वापस करने का वादा किया था। इस बीच अभिनेत्री की तरफ से 10 लाख रुपये नकद



और 4.50 लाख रुपये का चेक दिया गया लेकिन यह बाउंस हो गया था। इस मामले में पवन वर्मा ने कोर्ट में मुकदमा दायर किया। इस मामले में अतिरिक्त सिविल जज (जूनियर डिवीजन) कोर्ट ने अमीषा पटेल को उपस्थित होने के लिए कई बार समन भेजा था लेकिन वह हाजिर नहीं हुई। अब कोर्ट ने कोर्ट में हाजिर होने के लिए गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। पवन वर्मा का कहना कि अमीषा पटेल न्याय से बचने का प्रयास कर रही हैं। अमीषा पटेल के अधिवक्ता अभिषेक शर्मा का कहना कि यह 2017 का पुराना विवाद है। समझौते के बाद अभिनेत्री ने पूरा पैसा वापस लौटा दिया था। पवन वर्मा केस का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि अमीषा पटेल शीघ्र ही कोर्ट में पेश होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगी।